बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
पंचम तल, डी ब्लाक ,सरदार पटेल भवन,पटना - 800023
संचिका संख्या- 03 / 06-आपदा / विविध / प्रा0-03 / 2021------------------/प्राधि0

## अल्पकालीन कोटेशन आमन्त्रण सूचना

पटना,दिनांक-------------------

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,पटना द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पवन अवसर पर 15 अगस्त 2026 को पटना के गाँधी मैदान में विभिन्न आपदाओं के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने एवं राज्य सरकार की ओर से आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तहत किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से एक उच्च गुणवत्ता वाला आधुनिक तकनीकयुक्त झांकी (Tableau) का निर्माण किया जाना है | इस वर्ष का थीम है :

**सजग नागरिक,सुरक्षित बिहार**

ज्ञान * तैयारी * सहभागिता

झांकी का केन्द्रीय सन्देश यह है कि सुरक्षित बिहार का सबसे बड़ा आधार जागरूक,प्रशिक्षित और सहभागी नागरिक है | झांकी में आपदा,राहत और बचाव के उपकरण होंगे | झांकी का नायक आम नागरिक होगा | झांकी का स्पस्ट सन्देश होगा कि "आपदा से पहले की तैयारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है|"

उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक एजेंसी / फर्म से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है |

नियम एवं शर्तें :-

- कोटेशन सीलबंद लिफाफे पर "स्वतंत्रता दिवस झांकी-2026 हेतु कोटेशन" लिखकर सचिव,बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, D-ब्लॉक्, पंचम तल,सरदार पटेल भवन, नेहरु पथ, पटना-800023 के नाम निबंधित / रजिस्टर्ड डाक एवं हाथों हाथ दिनांक-31-07-2026 को अपरहण 1:00 बजे तक जमा करना होगा, अन्यथा कोटेशन पर विचार नही किया जायेगा |
- निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा |
- दिनांक-03-08-2026 को अपरहण 04.30 बजे प्रप्त कोटेशन पर विचार करने हेतु प्राधिकरण स्तरीय त्रिसदस्यीय समिति की बैठक का आयोजन किया जायेगा |
- बैठक में कोटेशनदाताओं के स्वयं उपस्थित नही होने की स्थिति में अपने प्रतिनिधि को प्राधिकार पत्र (Authorisation Letter) के साथ उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करनी होगी |
- कोटेशनदाताओं को अपने प्रस्तावित कार्ययोजना की 3D प्रति जमा करनी होगी एवं इसे पावर प्वायंट प्रजेंटेशन के रूप में समिति के समक्ष रखना होगा |
- कोटेशनदाता फर्म / एजेंसी को GST में निबंधित होने का प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा |
- PAN कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना होगा |

Scanned with OKEN Scanner

- केन्द्र सरकार / राज्य सरकार / सरकारी उपक्रम / निगम या किसी भी अन्य संस्थान द्वारा काली सूची में आपराधिक मामलों में नाम दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र (Notarized Affidavit ) देना होगा |
- चयनित एजेंसी / फर्म को प्राधिकरण कार्यालय से उपरोक्त सम्बन्धी कार्यादेश निर्गत किया जायेगा |
- नियम एवं शर्ते प्राधिकरण की अधिकृत वेबसाईट पर देखी जा सकती है |
- प्राधिकरण के पास कोटेशन को स्वीकार / अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा |
- झांकी प्रदर्शित / तैयार करने का तीन (03) वर्षों का अनुभव होना चाहिए |

अनु- यथोक्त।

ह०/-
सचिव
(मो० वारिस खान)
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,पटना

ज्ञापांक :-2264---------/आ०प्र0प्रा0 पटना ,दिनांक 24/07/2026

प्रतिलिपी:- श्री मनोज कुमार, तकनीकी सहायक,बिहार राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित |

24/7/2026
सचिव

Scanned with OKEN Scanner

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)

# स्वतंत्रता दिवस 2026 झांकी : कॉन्सेप्ट नोट

**थीम** : राज्य सरकार के संशोधित डी.आर.आर. रोडमैप (2025–30) में शामिल किए गए छठे स्तंभ ''रिजिलियंट सिटिजन'' इसके केंद्र में होगा।

**सजग नागरिक, सुरक्षित बिहार**

*ज्ञान • तैयारी • सहभागिता*

**1. कॉन्सेप्ट**

झांकी का केंद्रीय संदेश यह है कि सुरक्षित बिहार का सबसे बड़ा आधार जागरूक, प्रशिक्षित और सहभागी नागरिक हैं। झांकी में आपदा, राहत और बचाव के अन्य अवयव एवं उपकरण अवश्य होंगे, लेकिन वे मुख्य आकर्षण नहीं होंगे। झांकी का नायक आम नागरिक होगा। दर्शक को 5–10 सेकंड में यह संदेश स्पष्ट हो जाना चाहिए कि ''आपदा से पहले की तैयारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।''

———

2. झांकी की दृश्य संरचना

Front Portion

सबसे आगे बड़े फॉन्ट साइज में आकर्षक बोल्ड शीर्षक :

**सजग नागरिक, सुरक्षित बिहार**

उसके नीचे अपेक्षाकृत छोटे फॉन्ट साइज लाइट में :

ज्ञान • तैयारी • सहभागिता

इसके बाद बिहार के विविध समाज का प्रतिनिधित्व करता हुआ समूह (Live Performers) –

– किसान
– महिला
– छात्र/छात्रा
– बुजुर्ग
– दिव्यांग नागरिक
– एन.सी.सी./सिविल डिफेंस/आपदा मित्र

सभी अपने पारंपरिक परिधानों में आत्मविश्वास और तैयारी का संदेश देते हुए दिखाई दें। किसी भी पात्र के चेहरे पर भय या अफरा–तफरी का भाव न हो। संख्या जगह की उपलब्धता एवं व्यवहार्यता पर निर्धारित किया जाए।

Scanned with OKEN Scanner

---

## Central Zone

झांकी के मध्य भाग में बिहार का त्रिआयामी (3D) मॉडल।
इसमें 5–5 सेकेंड में विभिन्न छोटे दृश्य फिल्मों के माध्यम से विशालकाय एल.ई.डी. पर प्रदर्शित किए जाएंगे :

- बाढ़
- वज्रपात
- अग्निकांड
- भूकंप
- डूबने से बचाव

लेकिन हर दृश्य में सही तैयारी दिखाई दे :

- दो किसान खेत में खराब मौसम का मोबाइल पर Early Warning Alert प्राप्त करते हैं, सुरक्षित जगह ढूंढते हैं।
- स्कूल में एस.डी.आर.एफ. द्वारा आपदा सुरक्षा का Mock Drill चलाया जा रहा है।
- प्राथमिक उपचार (सी.पी.आर. या डूबने से बचाए गए व्यक्ति के पेट से पानी निकालना)
- भूकंप में दिव्यांग व्यक्ति का सुरक्षित निकासी कराते सिविल डिफेंस व एन.सी.सी. के लोग
- बाढ़ में बुजुर्ग के लिए राहत व रेस्क्यू के लिए तत्पर सामुदायिक स्वयंसेवक

**संदेश :**
आपदा आएगी, लेकिन सजग समाज घबराएगा नहीं।

---

## Background (Moving Elements)

सबसे पीछे निम्नलिखित उपकरण/तत्व शामिल किए जाएंगे :

- वास्तविक SDRF@NDRF Rescue Boat व अन्य आधुनिक उपकरणों के साथ बल के जवान
- वास्तविक Drone की मदद से आवश्यक दवाएं व राहत सामग्री उतारते युवा आपदा मित्र
- Fire Tender, Ambulance, JCB की अनुकृति के साथ संबंधित व्यक्ति अपनी निर्धारित वेशभूषा में
- State Emergency Operation Centre का दृश्य और कंप्यूटर पर कार्य करते विशेषज्ञ
- LED Screen पर Early Warning Alerts & Weather Updates
- पानी की हल्की गतिशीलता के साथ पैदा करना है असलियत का Flood Effect
- घूमता हुआ MSSP का Preparedness Wheel तैयार किया जाना है, स्कूली बच्चे उसके नीचे होंगे।

---

## Colour Theme

Scanned with OKEN Scanner

रंग संयोजन सकारात्मक और आशावादी हो:

– हरा (सुरक्षित एवं समृद्ध बिहार)
– नीला (जल एवं आकाश)
– सफेद (विश्वास एवं शांति)
– केसरिया (ऊर्जा एवं राष्ट्रभाव)
पूरी झांकी उज्ज्वल और जीवंत दिखनी चाहिए।

---

## Design Language

झांकी का स्वरूप:
– आधुनिक
– स्वच्छ
– कम भीड़ वाला
– बड़े और स्पष्ट विजुअल
– न्यूनतम पाठ
– दूर से भी स्पष्ट पहचान

---

## Audio Theme

हल्का प्रेरणादायक संगीत। साथ ही बीच–बीच में
– Early Warning Tone
– विभिन्न आपदा जागरूकता गीत

Voice over का मुख्य संदेश :
"ज्ञान, तैयारी और सहभागिता से ही बनेगा सुरक्षित बिहार"

Scanned with OKEN Scanner

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

D– ब्लॉक, पांचवां तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ, पटना – 800023

**स्वतंत्रता दिवस झांकी : लघु निविदा आमंत्रण सूचना**

स्वतंत्रता दिवस–2026 के अवसर पर गांधी मैदान, पटना में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की विषयाधारित झांकी के अवधारणात्मक डिज़ाइन, निर्माण, स्थापना, प्रस्तुतीकरण एवं अनुरक्षण हेतु निविदा। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्वतंत्रता दिवस–2026 के अवसर पर गांधी मैदान, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह हेतु ''सजग नागरिक, सुरक्षित बिहार'' विषय पर एक आकर्षक, संदेशप्रधान, कलात्मक एवं नवाचारी झांकी के अवधारणात्मक डिज़ाइन, निर्माण, फैब्रिकेशन, स्थापना, प्रस्तुतीकरण, अनुरक्षण एवं निष्कासन के लिए अनुभवी एवं योग्य एजेंसियों/फर्मों/कंपनियों से द्वि–बोली प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।

**1. झांकी की थीम/कंसेप्ट**

**सजग नागरिक, सुरक्षित बिहार**
***ज्ञान – तैयारी – सहभागिता***

झांकी का केंद्रीय विषय राज्य सरकार के संशोधित आपदा जोखिम न्यूनीकरण रोडमैप (2025–30) के छठे स्तंभ ''रिजिलियंट सिटिजन'' पर आधारित होगा। झांकी का मूल संदेश होगा– ''आपदा से पहले की तैयारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।'' झांकी का मुख्य आकर्षण राहत एवं बचाव उपकरणों के बजाय जागरूक, प्रशिक्षित एवं सहभागी नागरिक होंगे। झांकी ऐसी हो कि दर्शक 05 से 10 सेकंड के भीतर इसका केंद्रीय संदेश सहज रूप से समझ सके।

**2. कार्य का दायरा**

चयनित एजेंसी निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होगी–
थीम के अनुरूप कम–से–कम तीन अभिनव कॉन्सेप्ट प्रस्तुत करना।
स्वीकृत कॉन्सेप्ट के आधार पर विस्तृत डिज़ाइन, 3–डी दृश्य (यदि अपेक्षित हो) एवं कार्यकारी ड्राइंग तैयार करना।
झांकी का पूर्ण निर्माण, फैब्रिकेशन, कलात्मक सज्जा एवं फिनिशिंग।
ट्रॉली/प्लेटफॉर्म पर झांकी का सुरक्षित निर्माण एवं स्थापना।
विद्युत, प्रकाश, ध्वनि, गतिशील एवं स्थिर मॉडलों की व्यवस्था।
थीम के अनुरूप कलात्मक मूर्तियाँ, मॉडल, संदेश, ग्राफिक्स एवं अन्य दृश्य सामग्री तैयार करना।
आवश्यकता अनुसार कलाकारों/प्रदर्शकों की वेशभूषा एवं दृश्य प्रस्तुति की व्यवस्था।
गांधी मैदान, पटना में निर्धारित समय पर झांकी की स्थापना, परीक्षण एवं अंतिम प्रस्तुति।
समारोह की अवधि में झांकी का संचालन, अनुरक्षण एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत झांकी का सुरक्षित निष्कासन एवं स्थल की पूर्ववत स्थिति सुनिश्चित करना।

**3. झांकी हेतु तकनीकी अपेक्षाएं**

झांकी विषयवस्तु के अनुरूप रचनात्मक एवं प्रभावशाली हो।
दूर से स्पष्ट दिखाई देने वाली हो।
05–10 सेकंड में मुख्य संदेश संप्रेषित करे।
''रिजिलियंट सिटिजन'' की अवधारणा को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करे।

Scanned with OKEN Scanner

आपदा पूर्व तैयारी, सामुदायिक सहभागिता एवं व्यवहार परिवर्तन को प्रमुखता दे।
बिहार की सांस्कृतिक पहचान एवं स्थानीय विशेषताओं का समुचित समावेश करे।
किसी भी प्रकार का भय, दहशत अथवा नकारात्मक संदेश प्रदर्शित न करे।
पर्यावरण–अनुकूल, अग्नि–सुरक्षित एवं उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से निर्मित हो।
सभी विद्युत फिटिंग एवं संरचनाएँ सुरक्षा मानकों के अनुरूप हों।
निर्माण इस प्रकार किया जाए कि परिवहन एवं प्रस्तुतीकरण के दौरान कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो।

**4. पात्रता**

भारत में विधिवत पंजीकृत संस्था/फर्म/कंपनी हो।
विगत पांच वर्षों में कम–से–कम तीन सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थाओं हेतु झांकी, थीम पवेलियन, प्रदर्शनी अथवा बड़े सार्वजनिक आयोजनों के डिज़ाइन एवं निर्माण का अनुभव रखता हो।
जीएसटी एवं पैन से पंजीकृत हो।
आवश्यक तकनीकी मानव संसाधन, कलाकार, डिज़ाइनर एवं निर्माण क्षमता उपलब्ध हो।
किसी सरकारी विभाग/संस्था द्वारा ब्लैकलिस्टेड न हो।

**5. तकनीकी प्रस्ताव में संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज**

संस्था का परिचय।
पंजीकरण प्रमाण–पत्र।
जीएसटी एवं पैन।
अनुभव विवरण एवं कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र।
पूर्व में निर्मित झांकियों/प्रदर्शनियों के रंगीन फोटो।
प्रस्तावित कार्य योजना एवं समय–सीमा।
कॉन्सेप्ट नोट एवं प्रारंभिक डिज़ाइन।
प्रमुख तकनीकी कार्मिकों का विवरण।
स्वघोषणा पत्र कि संस्था ब्लैकलिस्टेड नहीं है।

**6. वित्तीय प्रस्ताव**

वित्तीय प्रस्ताव पृथक सीलबंद लिफाफे में निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा। वित्तीय प्रस्ताव में सभी कर, परिवहन, सामग्री, श्रम, स्थापना, अनुरक्षण एवं अन्य सभी व्यय सम्मिलित होंगे।

**7. मूल्यांकन प्रक्रिया**

निविदाओं का मूल्यांकन दो चरणों में किया जाएगा:

(क) तकनीकी मूल्यांकन (100 अंक)

| मापदंड | अंक |
|---|---|
| थीम की समझ एवं रचनात्मकता | 20 |
| कॉन्सेप्ट एवं डिज़ाइन की गुणवत्ता | 30 |
| पूर्व अनुभव | 20 |
| कार्य योजना एवं प्रस्तुतीकरण | 30 |
| कुल | 100 |

केवल न्यूनतम 70 अंक प्राप्त करने वाले निविदाकारों के वित्तीय प्रस्ताव खोले जाएंगे।

Scanned with OKEN Scanner

(ख) वित्तीय मूल्यांकन

तकनीकी रूप से अर्ह घोषित निविदाकारों के वित्तीय प्रस्तावों का मूल्यांकन नियमानुसार किया जाएगा।

8. समय–सीमा

कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात चयनित एजेंसी निर्धारित समय के भीतर– कॉन्सेप्ट प्रस्तुत करेगी।
स्वीकृत डिजाइन के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण करेगी।
स्वतंत्रता दिवस समारोह से पूर्व झांकी का परीक्षण कर उसे पूर्णतः तैयार अवस्था में उपलब्ध कराएगी।

9. गुणवत्ता एवं सुरक्षा
निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाएगा।
सभी विद्युत उपकरण भारतीय मानकों के अनुरूप होंगे।
अग्नि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन अनिवार्य होगा।
संरचना पूर्णतः सुरक्षित एवं संतुलित होगी।
किसी दुर्घटना अथवा क्षति के लिए एजेंसी उत्तरदायी होगी।

10. भुगतान की शर्तें : स्वतंत्रता दिवस समारोह में सफल प्रस्तुतीकरण एवं कार्य की संतोषजनक पूर्णता के उपरांत अंतिम भुगतान। आवश्यक वैधानिक कटौतियाँ नियमानुसार की जाएँगी।

11. विलंब एवं दण्ड

निर्धारित समय–सीमा का पालन नहीं करने, गुणवत्ता में कमी पाए जाने अथवा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नियमानुसार आर्थिक दण्ड अधिरोपित करने, सुरक्षा राशि जब्त करने अथवा कार्यादेश निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा।

12. बौद्धिक संपदा
स्वीकृत डिज़ाइन, अवधारणा, कलात्मक सामग्री, चित्र, मॉडल एवं झांकी से संबंधित समस्त बौद्धिक संपदा अधिकार बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के होंगे। चयनित एजेंसी प्राधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना इनका किसी अन्य प्रयोजन हेतु उपयोग नहीं करेगी।

13. बीमा एवं दायित्व
निर्माण, परिवहन, स्थापना एवं प्रस्तुतीकरण के दौरान मानव जीवन, सामग्री अथवा संपत्ति की किसी भी क्षति के लिए चयनित एजेंसी उत्तरदायी होगी तथा आवश्यकतानुसार समस्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करेगी।

14. प्राधिकरण के अधिकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्राधिकरण आवश्यकता अनुसार निविदा की किसी भी शर्त में संशोधन, परिवर्तन अथवा निविदा निरस्त करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। प्राधिकरण का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

15. महत्वपूर्ण तिथियाँ

Scanned with OKEN Scanner

निविदा प्रकाशन : 24–07–2026
प्री–बिड बैठक : 28–07–2026
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि : 31–07–2026
तकनीकी बोली खोलना : 03–08–2026
वित्तीय बोली खोलना : पृथक सूचना द्वारा

16. अनुलग्नक

अनुलग्नक : तकनीकी प्रस्ताव का प्रारूप
अनुलग्नक : वित्तीय प्रस्ताव
अनुलग्नक : संस्था का अनुभव विवरण
अनुलग्नक : कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र का प्रारूप
अनुलग्नक : स्वघोषणा पत्र (ब्लैकलिस्ट न होने संबंधी)
अनुलग्नक : प्रमुख तकनीकी कार्मिकों का विवरण
अनुलग्नक : प्रस्तावित कार्य योजना एवं समय–सीमा

Scanned with OKEN Scanner